प्रेस नोट   पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद   दिनांक 04.04.2026

थाना टीलामोड पुलिस टीम द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 01 अवैध तमंचा व 01 जिन्दा कारतूस बरामद (0.315 बोर) बरामद ।

कार्यवाही का विवरणः- दिनांक 03.04.2026 को थाना टीलामोड पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान 01 अभियुक्त इरफान पुत्र जहीर निवासी म0न0 94 गली न0 01 चरण सिंह कालोनी प्रताप विहार थाना विजय नगर कमिश्नरेट गाजियाबाद उम्र करीब 30 वर्ष को यू टर्न भौपुरा से गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से अवैध 01 तमंचा तथा 01 जिन्दा कारतूस (0.315 बोर) बरामद हुआ । गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरणः- गिरफ्तार अभियुक्त उपरोक्त से पूछताछ करने पर यह तथ्य प्रकाश में आये कि अभियुक्त के द्वारा राह चलते व्यक्ति से यह तमन्चा व कारतूस शौक मे रखने के लिये लिया था। साहब जो आपने चैकिंग के दौरान मुझसे पकड़ लिया है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-

1. इरफान पुत्र जहीर निवासी म0न0 94 गली न0 01 चरण सिंह कालोनी प्रताप विहार थाना विजय नगर कमिश्नरेट गाजियाबाद उम्र करीब 30 वर्ष।

बरामदगी का विवरणः-

- कब्जे से अवैध 01 तमंचा व 01 जिन्दा कारतूस (0.315 बोर) बरामद।

गिरफ्तार अभियुक्त का अपराधिक इतिहासः-

- गिरफ्तार अभियुक्त इरफान पर उपरोक्त प्रकरण के सम्बन्ध में 01 अभियोग पंजीकृत है। अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

थाना टीलामोड पुलिस टीम।

थाना कौशाम्बी पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान स्नैचिंग करने वाले 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की गयी 01 मोटर साइकिल व स्नैचिंग किये 5 मोबाइल बरामद।

कार्यवाही का विवरण:- दिनांक 09.03.2026 को वादी श्री अमर आनंद निवासी- 145 A Sec. 2A वैशाली गाजियाबाद का मोबाइल कम्पनी वीवो अज्ञात व्यक्ति द्वारा छीन लेने के सम्बन्ध में तहरीर दी जिसके आधार पर थाना कौशाम्बी पर धारा 304(2) बीएनएस के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। जिसके क्रम दिनांक 03.04.2026 को थाना कौशाम्बी पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान 02 अभियुक्त 1. आकाश उर्फ आकाश चन्द्रा पुत्र जगदीश नि0 मकान न0 205 बी न्यायखडं प्रथम इन्दिरापुरम मूल पता ग्राम सुरई खेत जिला अल्मोडा उत्तराखडं उम्र करीब 25 वर्ष 2. ऋतिक पुत्र रामभूल नि0 बाल्मिकी चौक मकनपुर इन्दिरापुरम मूल पता ग्राम देहरा कुडी गढ जिला हापुड उम्र करीब 28 वर्ष को वैशाली कट से मैट्रो स्टेशन रोड़ से गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से चोरी की 01 मोटर साइकिल व स्नैचिंग के 05 मोबाईल फोन बरामद किये गये। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरुद्ध अग्रिम आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरण:- गिरफ्तार अभियुक्तगण ने पूछताछ के दौरान बताया कि साहब हम दोनों कौशाम्बी, इन्दिरापुरम व दिल्ली में चोरी की मोटरसाइकिल से मोबाइल व चैन छीनते हैं तथा उन्हें राह चलते लोगों को बेच देते हैं एवं रुपयों को आपस में बांट लेते है और अपने शौक मौज पूरे करते हैं। यह मोटर हमने करीब 04-05 दिन पहले दिल्ली कालकाजी से चोरी की थी एवं करीब 2 माह पहले वैशाली से एक महिला की चैन चोरी की थी जिसे हमंने 2000 रु0 में बेच दिया था एवं 25 -30 दिन पूर्व 01 मोबाईल एपेक्स टावर वैशाली के पास से छीना था जिसे हमने दिल्ली मे आने जाने वाले लोगो के 1500 रुपये मे बेच दिया था। अन्य 04 मोबाईल फोन भी हम लोगो ने जगह जगह से कौशाम्बी इन्दिरापुरम क्षेत्र से सुबह शाम टहलने और आफिस से वापिस आते लोगो से चोरी किये थे इन्हे हम लोग बेचने के लिए आज रात को झुग्गी झोपडी वालो को सडक पर राह चलते लोगो के बेचने के लिए निकले थे कि आपने पकड लिया।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता:-

1.आकाश उर्फ आकाश चन्द्रा पुत्र जगदीश नि0 मकान न0 205 बी न्यायखडं प्रथम इन्दिरापुरम मूल पता ग्राम सुरई खेत जिला अल्मोडा उत्तराखडं उम्र करीब 25 वर्ष।

2. ऋतिक पुत्र रामभूल नि0 बाल्मिकी चौक मकनपुर इन्दिरापुरम मूल पता ग्राम देहरा कुडी गढ जिला हापुड उम्र करीब 28 वर्ष।

बरामदगी का विवरण-

- चोरी की गयी 01 मोटर साइकिल व स्नैचिंग किये 5 मोबाइल बरामद।

गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास:-

गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरूध्द थाना कौशाम्बी गाजियाबाद व दिल्ली एनसीआर में चोरी करने,स्नैचिंग करना व चोरी का माल बरामद होने के सम्बन्ध में 04 अभियोग पंजीकृत हैं। अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

थाना कौशाम्बी पुलिस टीम।

मिशन शक्ति टीम थाना कोतवाली नगर द्वारा 02 लावारिस बच्चों को सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया गया।

दिनांक 04.04.2026 को मिशन शक्ति टीम कोतवाली नगर गश्त /जागरूकता अभियान के तहत घंटाघर चौकी क्षेत्र में भ्रमण कर रही थी तो 02 बच्चे उम्र 6 वर्ष व 7 वर्ष लावारिस अवस्था में घूम रहे थे जिनसे उनके परिवार के बारे में पूछा गया तो कुछ बता नहीं पाये, आस पास के लोगों से उपरोक्त दोनों बच्चों के बारे में जानकारी की गयी तो कोई जानकारी नहीं मिल पाई। जिनको थाना कोतवाली नगर पर लाया गया तथा अथक प्रयास के बाद उनके परिजनों से सम्पर्क कर थाने पर बुलाया गया। बरामद दोनों बच्चों की पहचान कराकर दोनो को सकुशल परिजनों के सुपुर्द कर थाने से रूकसत किया गया। अपने बच्चों को पाकर परिजन बहुत खुश हुए व पुलिस की भूरी भूरी प्रशंसा की।

कार्यवाही करने वाली पुलिस टीम

मिशन शक्ति टीम थाना कोतवाली नगर